# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

**आज दिनांक 12.07.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 01 भुमि विवाद, 01 मारपीट तथा 07 अन्य प्रकरण से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।**

# प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆अपहरण का वांछित अभियुक्त चढा पुलिस के हत्थे, अपहृता बरामद।**

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता।**

**◆गिरफ्तार वांछित अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण तथा विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के नेतृत्व में आज दिनांक 12.07.2024 को थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 94/2024 धारा 87/137(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को संग्रामपुर मोड़ से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

**01.फिरोज पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी वार्ड नम्बर-12 परशुरामनगर कस्बा बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

**01.उ0नि0 मनोज कुमार सिंह थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**02.आ0 अर्जुन यादव, अजय यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

## ◆क्रेडिट कार्ड के नाम पर शिकायतकर्ता मो0 आदिल अहमद के खाते से फ्राड हुए धनराशि ₹3,95,000/-को साइबर क्राइम थाना सिद्धार्थनगर ने कराया वापस।

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना राजकुमार पाण्डेय व टीम साइबर साइबर क्राइम थाना द्वारा मो0 आदिल अहमद पुत्र इकबाल अहमद निवासी ग्राम बमनी बाजार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के साथ क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढाने के नाम पर खाते से फ्राड हुए धनराशि को त्वरित कार्यवाही करते हुए मो0 आदिल अहमद के खाते में धनराशि ₹3,95,000/- वापस कराया गया।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

**शिकायतकर्ता मो0आदिल अहमद पुत्र इकबाल अहमद निवासी ग्राम बभनी बाजार थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर स्वयं को बैंक का कर्मचारी बता कर आई.सी.आई.सी.आई बैंक के क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढाने की बात कर तथा पुनः वादी को अपने बातो में लेकर मोबाइल में** AnyDesk **ऐप डाउनलोड करा कर कुल ₹4,27,900/-का फ्रॉड किया गया। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया है, उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दी तथा थाना सिद्धार्थनगर पर मु0अ0सं0** 140/23 **धारा** 419,420,467,468,471,406,504 **भा0द0वि0 में अभियोग पंजीकृत कराया गया। जिसके आधार पर साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते धनराशि को भिन्न-भिन्न खातो में होल्ड कराया गया। जिसमें माननीय न्यायालय के आदेश से भिन्न-भिन्न तिथियों में मो0 आदिल अहमद के खाते में कुल धनराशि ₹3,95,000/-वापस कराया गया तथा साइबर टीम सिद्धार्थनगर के सराहनीय कार्य के लिए मो0 आदिल अहमद द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।**

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम का विवरण-**

01-निरीक्षक राज कुमार पाण्डेय, प्रभारी साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर।
02-उ0नि0 राजेश शुक्ला, अजीत कुमार यादव,अमित कुमार साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर।
5- मुख्य आरक्षी अतुल चौबे साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर।
6-आरक्षी आशुतोष जायसवाल, राहुल मौर्या, शिवम् मौर्या साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर।
9- म0आ0 पूजा यादव, शिप्रा, प्रियंका, साइबर क्राइम थाना जनपद सिद्धार्थनगर।

*प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर*

◆थाना इटवा द्वारा 01 नफर वारन्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।*

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में वांछित/वारन्टी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी इटवा गर्वित सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 12.07.2024 को फौ0 वाद सं0-24473/23 से संबंधित वारन्टी 01.बाबूराम पुत्र नरसिंह साकिन मझारी मय कोहल बेलवनवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।
*गिरफ्तार वारन्टी का विवरण-*
01.बाबूराम पुत्र नरसिंह साकिन मझारी मय कोहल बेलवनवा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-
01.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।
02.का0 विशाल सिंह थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर**

## ◆थाना मोहाना पुलिस द्वारा शादी के रिश्ते में हुए मतभेद को समाप्त कराकर दोनों पक्षों के रिश्ते को टुटने से बचाया।

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.07.2024 को थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भुजौली की आवेदिका सुनीता साहनी पत्नी रमेश साहनी साकिन भुजौली टोला लिलाडिहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि आवेदिका अपनी पुत्री कु0 संजना साहनी की शादी चक्खन उर्फ सक्खन पुत्र मोहरत साहनी साकिन पनेरा टोला जाफरजोत थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर से तय की थी। विवाह का दिनांक 16.07.2024 नियत थी किन्तु वर पक्ष द्वारा किन्ही कारणो से शादी करने से इन्कार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष मोहाना जीवन त्रिपाठी द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ मे दोनो पक्षो को थाने पर तलब किया गया तथा दोनो पक्षों के बीच हुए आपसी मतभेद को जीवन त्रिपाठी थानाध्यक्ष मोहाना मय पुलिस बल के साथ उपस्थित रहकर दोनो पक्षों को समझाकर आपसी मतभेद को समाप्त कराते हुये दोनो पक्षों को आपस में गले मिलावाया गया तथा शादी को नियत तिथि पर ही करनें हेतु बताया गया। जिससे आमजनमानस द्वारा थाना मोहाना पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।**

**प्रेस नोट दिनाँक 12.07.2024 थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर**

## ◆थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा चोरी के आरोपी को 01 अदद टैबलेट व ₹2000/- नगद के साथ किया गया गिरफ्तार।

## ◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.07.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना डुमरियागंज रमेश कुमार यादव के नेतृत्व में थाना डुमरियागंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 115/2024 धारा 305A/317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित चोरी के एक अदद टैबलेट तथा अभियुक्त सोनू कुमार रावत पुत्र कक्कू सकिन चौखड़ा बाजार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के पास से रुपये 2000/- नगद बरामद करते हुये उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.**सोनू कुमार रावत पुत्र कक्कू सकिन चौखड़ा बाजार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण**

01.**उ0नि0 मोतीलाल थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

02.**का0 संदीप यादव, सुदामा यादव थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

***◆अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना ढेबरुआ के कस्बा बढ़नी में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर थाना ढेबरुआ पुलिस के साथ भ्रमण कर रुट मार्च/पैदल गश्त किया गया।***

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 12-07-2024 को थाना ढ़ेबरुआ पुलिस के साथ कस्बा बढ़नी में आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने हेतु अपील किया गया।

**प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

◆आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 12-07-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा मोहर्रम व श्रावण मास/कांवड़ यात्रा तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।

**प्रेस नोट दिनाँक 12.07.2024 थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना कपिलवस्तु पुलिस द्वारा अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया तथा अपहृता को बरामद किया गया।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व अरुणकांत सिंह क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.07.2024 को राजेश कुमार गुप्ता प्रभारी निरीक्षक कपिलवस्तु के नेतृत्व में निरीक्षक यशवन्त सिंह मय पुलिस बल के साथ मु0अ0सं0 55/2024 धारा 363,366 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अपहृता की सफल बरामदगी करते हुए अभियुक्त जितेन्द्र साहनी पुत्र महेश निवासी रेहरा बाजार मोहल्ला अद्यानगर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया गया तथा अपहृता को महिला पुलिस के साथ आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए वन स्टाप सेंटर जनपद सिद्धार्थनगर भेजा गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

**01.जितेन्द्र साहनी पुत्र महेश निवासी रेहरा बाजार मोहल्ला अद्यानगर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।**

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण-**

01.**निरीक्षक य़शवन्त सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।**

02.**आरक्षी संदीप यादव थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।**

**प्रेस नोट दिनांक 12.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगत ग्राम महरिया के ताजिया स्थल का किया गया भ्रमण।**

**आज दिनांक 12.07.2024 को सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर द्वारा मय पुलिस बल के साथ आगामी त्यौहार मोहर्रम के दृष्टिगरत ग्राम महरिया के ताजिया स्थल का भ्रमण किया गया तथा मस्जिद, जुलूस मार्ग, कर्बला स्थलों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर आपस में सौहार्द व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी।**